CBSE Class–3 Hindi

NCERT Solutions

रिमझिम पाठ- 4. मन करता है

तुम्हारी बात

प्रश्न 1. तुम पर कौन-कौन धौंस जमाता है? क्यों?

उत्तर- घर में माता-पिता और बड़े भाई-बहन धौंस जमाते हैं| माता-पिता शरारत करने या जिद करने पर और स्कूल न जाने पर धौंस जमाते हैं| बड़े भाई-बहन अपने बड़े होने की धौंस जमाते हैं| स्कूल में मॉनिटर तथा मैडम धौंस जमाते हैं| मॉनिटर हमेशा मैडल से शिकायत करने की धौंस जमाता है| मैडम शरारत करने पर धौंस जमाती हैं|

प्रश्न 2. मन करता है चिड़िया बनकर
चीं-चीं, चूँ-चूँ शोर मचाऊँ
तुम्हारा मन कब-कब चिड़िया बन जाने को करता है?

उत्तर- मेरा मन तब-तब चिड़िया बन जाने को करता है जब-जब मैं चिड़िया को प्रसन्नता से चीं-चीं, चूँ-चूँ करके शोर मचाते हुए देखती हूँ| मैं जब चिड़िया को घर के आँगन में दाना खाते देखती हूँ तब मेरा मन चिड़िया बन जाने को करता है|

प्रश्न 3. कौन किस पर अकड़ जमाता होगा?

***आसमान**

उत्तर- आसमान में बाज पक्षियों पर अकड़ जमाता होगा|

***जंगल**

उत्तर- जंगल में शेर बाकी जानवरों पर अकड़ जमाता होगा|

***नदी**

उत्तर- नदी में मगरमच्छ मछलियों पर अकड़ जमाता होगा|

***खेल**

उत्तर- खेल में बड़े लड़के छोटों पर अकड़ जमाता होंगे|

***रंगों में**

उत्तर- रंगों में काला रंग बाकी सभी रंगों पर अकड़ जमाता होगा|

मूँछ

प्रश्न- तुमने तरह-तरह की मूँछे देखी होंगी|
वहाँ तुम्हारे लिए एक मूँछ बनी है| कुछ मूँछे तुम भी बनाओ और सभी मूँछों को अपने मन से नाम दो|

राजपूती मूँछें



चीनी मूँछें



तलवार कट मूँछें

पता कतो

प्रश्न- तुम्हारे घर और स्कूल में किसका क्या करने का मन करता है? लिखो और अपनी सूची अपने साथियों से मिलाकर देखो|

उत्तर-

नाम	**मन करता है**
अक्षित पारुल अभिषेक शोर्य	कार चलाने को हवाई जहाज में बैठने को खेलते रहने को अधिक देर तक सोने

चलो, पतंग बनाएँ

समान - तुम्हे चाहिए कोई पतला कागज़, झाडू की तीलियाँ, गोंद, टेप, कैची|

तरीका - * कागज़ को चकोर काटो|

- * उसमें गोंड या टेप से दो तीलियाँ चिपका लो, जैसा चित्र में दिखाया गया है|
- * तीली के निचले हिस्से में पूँछ के लिए एक तिकोना टुकड़ा काटकर चिपका दो|
- * पतंग तैयार|



पहेली

कागज़ का घोड़ा, धागे की लगाम

छोड़ दो धागा, तो करे सलाम| **पतंग**

सोचो और बताओ

प्रश्न 1. सूरज आसमान में दौड़ क्यों लगाता होगा?

उत्तर - सूरज आसमान में सारे संसार को प्रकाश देने के लिए दौड़ लगाता होगा|

प्रश्न 2 . चिड़िया ँ शोर क्यों मचाती होंगी?

उत्तर- चिड़ियाँ प्रसन्नता से भर कर शोर मचाती होगी|

प्रश्न 3. चंदा तारों पर क्यों अक ड़ता होगा?

उत्तर - चंदा का प्रकाश अन्य तारों से अधिक होता है, इसलिए वह तारों पर अकड़ता होगा|

प्रश्न 4. दादा घर में कैसे धौंस जमा ते होंगे?

उत्तर - दादा घर में टोका-टाकी करके धौंस जमाते होंगे|

शोर

प्रश्न- एक मिनट के लिए आँखें बंद करके बिल्कुल चुपचाप बैठ जाओ | ध्यान से आस - पास की आवा जें सुनो|

*** अब आ ँ खे खोलो | क्या याद है , तुमने किस-किस की आवाज सुनी थी ? नीचे उनके नाम लिखो|**

उत्तर- बस, साइकिल, खेलते बच्चों की, घंटी की, हवाई जहाज की|

***इनमे से कौन-कौन बहुत शोर मचा रहे थे|**

उत्तर - हवाईजहाज, बस, खेलते बच्चे, घंटी|